कार्यालय प्राचार्य भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक, धमतरी (छ.ग.)

ई-मेल polydmt@rediffmail.com

क्रमांक / Q / पूर्व छात्र प्रकोष्ठ / 2025 धमतरी, दिनांक /05/2025

## दिनांक 07.05.2025 को आयोजित बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी के पूर्व छात्र संगठन की आनलाईन बैठक का कार्यवाही विवरण

दिनांक 07.5.2025 को आयोजित बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी के पूर्व छात्र संगठन की आनलाईन बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में निम्नांकित विवरण के अनुसार पदाधिकारियों एवं संस्था के संकाय सदस्य (संस्था के पूर्व छात्र प्रकोष्ठ के सदस्य) उपस्थित हुए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री नरेंद्र कुमार गौर | – | अध्यक्ष |
| 2 | श्री युवराज देवांगन | – | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री कोमल धुरंधर | – | उपाध्यक्ष |
| 4 | श्री दिनेश चौरसिया | – | कोषाध्यक्ष |
| 5 | श्री एम.के.केशरी | – | सहसचिव |
| 6 | श्री टारजन मरकाम | – | सहसचिव |
| 7 | श्री जी.आर.साहु | – | प्राचार्य, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी |
| 8 | श्री जय प्रकाश डनसेना | – | व्याख्याता विद्युत, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी |
| 9 | श्री हर्षल मोहिते | – | व्याख्याता विद्युत, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी |
| 10 | श्री पंकज सिन्हा | – | व्याख्याता मेकेनिकल, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी |
| 11 | श्री लाजिम कुर्रे | – | व्याख्याता सिविल, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी |

2. सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित एलुमनाई एसोशिएशन के सम्मानीय सदस्यों एवं संस्था संकाय सदस्यों ( संस्था के पूर्व छात्र प्रकोष्ठ के सदस्य) का प्राचार्य, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी द्वारा स्वागत किया गया गया।

3. बैठक में बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी में पूर्व में आयोजित पूर्व छात्र प्रतिनिधियों की बैठक दि 28.04.2025 के कार्यवृत्त प्रस्तुत की गई एव उस पर विस्तृत चर्चा की गई।

4. बैठक में श्री कोमल धुरंधर, उपाध्यक्ष, द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर एलुमनी एसोसिएशन के उपविधियों (Bye Laws) के अनुरूप, धमतरी पॉलिटेक्निक एलुमनी एसोसिएशन के लिये तैयार उपविधियों (Bye Laws) के प्रारंभिक मसौदे (Initial Draft) पर चर्चा की गई। इस प्रारंभिक मसौदे में निम्नलिखित संशोधन प्रस्तावित किए गए और उन्हें स्वीकार किया गया –

(i) हमारे एलुमनी संघ का नाम धमतरी पॉलिटेक्निक एलुमनी एसोसिएशन होगा।

(ii) शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी के प्राचार्य एलुमनी एसोसिएशन के पदेन अध्यक्ष होंगे।

(iii) पदेन अध्यक्ष और अध्यक्ष के कार्यों को अलग–अलग परिभाषित किया जाएगा।

(iv) एसोसिएशन के उद्देश्य वही रहेंगे जो 02.04.2025 को प्रतिनिधियों की बैठक में निर्धारित किए गए थे। इस खंड में यह भी जोड़ा जाएगा कि यह एक गैर लाभकारी संस्था (Non Profit Organisation) होगी तथा इसका वार्षिक ऑडिट कराया जाएगा।

(v) एसोसिएशन का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

एसोसिएशन की आगामी बैठक में धमतरी पॉलिटेक्निक एलुमनी एसोसिएशन के लिये उपविधियों (Bye Laws) को अन्तिम रुप दिया जावेगा।

5. आगामी एलुमनी मीट दिनांक 08.06.2025 को आयोजित होने के दृष्टिगत न्यूनतम योगदान राशि निर्धारित करने के सुझाव को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि इस आयोजन हेतु न्यूनतम योगदान निम्नानुसार होगा –

(i) रु. 4000 /– प्रति सदस्य (उनके जीवनसाथी सहित)।

(ii) यदि कोई एलुमनाई अविवाहित है, तो उनका योगदान रु. 2500 /– होगा।

कोई भी सदस्य अपेक्षा से अधिक राशि का योगदान कर सकता है यदि वे ऐसा करना चाहें।

चूंकि एसोसिएशन का पंजीकरण अभी नहीं हो पाया है, और बैंक खाता नहीं खुल सका है, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि योगदान की राशि शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी के गैर–शासकीय एसबीआई खाते में जमा कराई जाएगी जिसका विवरण निम्नानुसार है –

**Account Name** - **PRINCIPAL GOVT POLYTECHNIC DHAMTARI**

**Account Number** - **00000010800864831**

**Branch** - **DHAMTARI**

**Interest Rate(% p.a.) - 0.00 (Current Account)**

**IFS Code-SBIN0000361**

उक्त खाते के लिए संस्थान का लेखा अनुभाग दैनिक योगदान रजिस्टर में प्रविष्टि करेगा और उसे कैश बुक में भी दर्ज किया जाएगा। एसोसिएशन का बैंक खाता खुलने के पश्चात, केवल वही खाता एसोसिएशन के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

एलुमनाई से यह भी अनुरोध किया गया कि वे 08.06.2025 को प्रस्तावित एलुमनाई मीट में भाग लेने के लिए पंजीयन पूर्ण करें तथा 20.05.2025 तक उपरोक्त खाते में अपना योगदान राशि अनिवार्य रूप से जमा कर दें।

7. बैठक का समापन बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी के श्री जय प्रकाश डनसेना व्याख्याता विद्युत एवं संस्था के पूर्व छात्र प्रकोष्ठ के प्रभारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

जी.आर.साहु

प्राचार्य

बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी

पृ क्रमांक / /पूर्व छात्र प्रकोष्ठ / 2025 धमतरी, दिनांक 07 / 05 / 2025

07.05.2025

जी.आर.साहु

प्राचार्य

बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी